# 2025

## M.A. 3rd Semester Examination

### PAPER : M250317 (MOOCS)

## HINDI BHASA KA UDBHAV AUR VIKAS

Full Marks : 100 Time : Three Hours

*The figures in the margin indicate full marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं *नौ* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×9=18

(क) हिंदी का संबंध किस भाषा परिवार से है? हिंदी को संविधान में संघ की राजभाषा का दर्जा कब मिला?

(ख) भाषा के दो भेदों के नाम बताइए।

(ग) 'भाषा विज्ञान' और 'भाषा और समाज' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(घ) हिंदी को संविधान की किस अनूसूची और अध्याय में शामिल किया गया है?

(ङ) पूर्वी हिंदी की किन्हीं दो बोलियों के नाम बताइए।

P.T.O.

(च) संविधान में कुल कितनी भाषाओं को राजभाषा का दर्जा मिला है? राजभाषा आयोग का गठन कब हुआ?

(छ) अपभ्रंश भाषा में रचित किन्हीं दो ग्रंथों के नाम बताइए।

(ज) फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब और किसने की?

(झ) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन कब हुआ और महावीर प्रसाद द्विवेदी ने किस वर्ष इसके संपादन का कार्यभार संभाला?

(ञ) किन्हीं दो हिंदी साफ्टवेयरों के नाम बताइए।

(ट) मशीनी अनुवाद किसे कहते हैं?

(ठ) हिंदी के विकास के लिए काम करने वाली किन्हीं दो संस्थाओं के नाम बताइए।

(ड) नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना कब और किसने की?

(ढ) 'हिंदी शब्दानुशासन' के लेखक कौन हैं और यह कहां से प्रकाशित हुई?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं *पाँच* पर टिप्पणी लिखिए :

4×5=20

(क) भारोपीय भाषा परिवार

(ख) अवहट्ट एवं पुरानी हिंदी

(ग) जान गिलकाइस्ट

(घ) लोकभाषा और हिंदी का संबंध

(ङ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(च) देवकीनंदन खत्री

(छ) 19वीं सदी का उर्दू-हिंदी विवाद

(ज) कंप्यूटर और हिंदी

3. निम्नलिखित में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8×4=32

(क) खड़ी बोली के साहित्यिक रूपों के विकास पर विचार कीजिए।

(ख) हिंदी के उद्भव और विकास पर सोदाहरण चर्चा कीजिए।

(ग) हिंदी के विकास में विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के योगदान पर चर्चा कीजिए।

(घ) हिंदी के विकास में महावीर प्रसाद द्विवेदी की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

(ङ) स्वाधीनता आंदोलन में हिंदी के प्रचार-प्रसार में महात्मा गांधी के योगदानों का मूल्यांकन कीजिए।

(च) 'वैश्वीकरण के दौर में हिंदी का भविष्य' विषय पर चर्चा कीजिए।

**(Internal Assessment - 30 marks)**